web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 10 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 282

# भारी बारिश से देश के कई हिस्सों में तबाही; मुंबई में रेड तो राजस्थान में ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के चलते देश के कई हिस्सों में इन दिनों भारी बारिश हो रही है, जिससे लोगों का आम-जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक तरह जहां महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भारी बारिश का रेड अलर्ट घोषित है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज हल्की बारिश का अनुमान है। इसके अलावा कर्नाटक, गुजरात और राजस्थान के अलावा अन्य इलाके भी इन दिनों मानसूनी बारिश का सामना कर रहे हैं।

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बारिश को लेकर 24 घंटे का रेड अलर्ट घोषित है। राज्य के कई हिस्सों में आज हल्की से भारी बारिश हो सकती है। हालांकि, मुंबई में पिछले पांच दिनों की बारिश के बाद शुक्रवार को हल्की बारिश हुई। तटीय जिलों में भारी बारिश के कारण शुक्रवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 मवेशियों की भी जान चली गई। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण फंसे हुए 254 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। राज्य में बारिश के कारण एक जून के बाद से अब तक 67 लोगों की मौत हो चुकी है।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल की बचाव टीमों ने पिछले 24 घंटों में 254 लोगों को सुरक्षित निकाला है, जबकि बारिश के कारण 14 घर स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। एनडीआरएफ की 13 टीमों को तटीय महाराष्ट्र में तैनात किया गया है, जबकि कुछ टीमें पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा और कोल्हापुर जिलों में तैनात हैं जहां हाल में भीषण बाढ़ आई थी।

राजस्थान के कई हिस्सों में मानसूनी बारिश के बीच राजधानी जयपुर में शुक्रवार शाम को हुई बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली। मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई जबकि एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शनिवार को बारां, कोटा, झालावाड़ और चूरू जिले में बहुत भारी बारिश होने की संभावना के मद्देनजर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है। राज्य के विभिन्न स्थानों पर अगले तीन से चार दिनों तक बारिश जारी रहेगी। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि एक जून से अब तक बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में राज्य में कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बारिश से प्रभावित 13 जिलों के जिला प्रभारी मंत्रियों और उपायुक्तों की बैठक की अध्यक्षता की और वहां की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की।

राज्य के तटीय इलाकों और मलनाड क्षेत्र में भारी बारिश होने के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसके मद्देनजर बागलकोट और बेलगावी में जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है और सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार राज्य में अब तक बारिश और बाढ़ से कुल 495 लोग प्रभावित हुए हैं। बारिश के कारण फंसे हुए 90 लोगों को बचाया गया है और 90 लोगों को राहत केंद्रों में आश्रय दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने का अनुमान है। सुबह साढ़े आठ बजे राष्ट्रीय राजधानी में सापेक्षिक आर्द्रता 69 फीसदी रही। आईएमडी के अनुसार अगले कुछ दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में बादल छाए रहने और गरज के साथ बौछारें पडऩे की संभावना है।

गुजरात के दक्षिणी इलाकों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई और दोपहर में कुछ घंटों तक लगातार बारिश हुई, जिससे राज्य के सबसे बड़े शहर अहमदाबाद के कई हिस्से जलमग्न हो गए। जामनगर, देवभूमि द्वारका और जूनागढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश हुई। सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों में मानसून का असर जोरदार था और राज्य के बाकी हिस्सों में मानसून सक्रिय रहा। दक्षिण गुजरात के वलसाड जिले के कपराडा तालुका में दिन में सुबह छह बजे से शाम छह बजे के बीच 205 मिलीमीटर बारिश हुई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में घर की दीवार गिरने से 2 की मौत

**विशाखापत्तनम (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में शनिवार को एक घर की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना कुमारम गांव की है। जब घर की दीवार गिरी, उस वक्त परिवार के पांचों सदस्य सो रहे थे। मृतकों की पहचान लक्ष्मी (47) और अशोक कुमार राजू (5) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने शवों को मलबे के नीचे से निकाला। वहीं, तीन घायलों को चीपुरपल्ली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच, दक्षिण-पश्चिम मानसून के चलते आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी गोदावरी, पश्चिम गोदावरी और कृष्णा जिलों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। गुंटूर और प्रकाशम जिले में भी भारी बारिश की संभावना है।

### बारामूला में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक स्थानीय आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक आतंकवादी की पहचान तिलगाम पाईन निवासी मोहम्मद इकबाल भट के रूप में की गई है। सुरक्षाबल और पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे बारामूला के क्रीरी इलाके में एक चौकी पर गिरफ्तार किया। उसके पास से एक पिस्तौल, मैगजीन और कुछ गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि भट आतंकवादी गतिविधियों के लिए रसद सहायता प्रदान करने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है और पाकिस्तानी आतंकवादी सैफुल्ला और अबू जर्र के संपर्क में था।

### मुलायम सिंह यादव की पत्नी का निधन

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना गुप्ता यादव का शनिवार को यहां निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, वह फेफड़े की बीमारी से पीड़ित थीं और चार दिन पहले उन्हें सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद यहां के मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत बिगडऩे के बाद, उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया। पहले उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन जब उनकी हालत बिगडऩे लगी तो उन्हें एयर एंबुलेंस से गुरुग्राम लाया गया। सूत्रों ने बताया कि मुलायम सिंह यादव कुछ दिन पहले उन्हें अस्पताल में देखने आए थे। साधना गुप्ता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी थीं, जो उनसे 20 साल छोटी थीं। उनके बेटे का नाम प्रतीक यादव है, जबकि भारतीय जनता पार्टी की नेता अपर्णा यादव उनकी बहू हैं।

### दर्दनाक हादसा, घर के बाहर सो रहे 7 लोगों को पिकअप ने रौंदा

**चित्रकूट (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में आज सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक बड़ा सडक़ हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चित्रकूट जिले में झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के भरतकूप थाना इलाके में सडक़ किनारे सो रहे ग्रामीणों को अनियंत्रित टमाटर लदे पिकअप ने रौंद दिया। हादसे में छह ग्रामीणों की मौत हो गई। इनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। जबकि एक गंभीर घायल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महाराष्ट्र में कोरोना के 2944 नए मामले , सात और मरीजों की मौत

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के मामलों के घटते-बढ़ते क्रम में पिछले 24 घंटों में 2944 नये मामले सामने आये तथा सात और मरीजों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक नये मामलों के साथ कुल संक्रमितों का आंकड़ा 79,98,676 हो गया है जबकि इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,47,971 हो गयी है। इसी अवधि में 3499 मरीज स्वस्थ हुए हैं और इसके साथ ही कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या 78,31,851 हो गयी है। राज्य में अभी 18,851 सक्रिय मामले हैं और इसके मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## एनसीबी के पूर्व अधिकारी के घर सीबीआई और आईटी की रेड, करोड़ों का कैश मिला- नोट गिनने के लिए मंगवानी पड़ीं 2 मशीनें




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), साथ ही आयकर (आई-टी) विभाग की टीम ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के संबंध में एनबीसीसी के पूर्व अधिकारी डी.के. मित्तल के घर पर छापेमारी की है। सीबीआई की टीम शुक्रवार रात घर पहुंची और तब से घर की तलाशी ले रही है।

आई-टी के एक सूत्र ने कहा कि सीबीआई टीम द्वारा भारी मात्रा में नकदी बरामद करने के बाद विभाग को छापेमारी करने के लिए बुलाया गया था। शनिवार सुबह आई-टी टीम मित्तल के घर पहुंची तो उसे भारी मात्रा में नकदी मिली। कैश इतना है कि नोट गिनने वाली 2 मशीनें मंगवानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक करीब 2 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। नकदी के अलावा जेवरात भी बरामद किए गए हैं। मित्तल हाल ही में एनबीसीसी से सेवानिवृत्त हुए थे और नोएडा के सेक्टर-19 इलाके में रह रहे थे। आयकर अधिकारी मित्तल के बैंक खातों की जांच कर रहे हैं। वे पिछले तीन साल के लेनदेन की जांच कर रहे हैं। सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया, जिसके बाद छापेमारी की गई।

## झारखंड में डेढ़ दर्जन ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बरहेट स्थित उनके प्रतिनिधि पंकज मिश्र के खिलाफ ईडी की कार्रवाई से सत्ता के गलियारे में गलियारे में हलचल है। पंकज मिश्र सहित उनके कई करीबियों और कई कारोबारियों के डेढ़ दर्जन ठिकानों पर शुक्रवार सुबह पांच बजे से ईडी की अलग-अलग टीमें एक साथ छापामारी कर रही हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई राज्य में पत्थरों के अवैध खनन और कारोबार में करोड़ों के नाजायज लेन-देन, ठेका-पट्टा के आवंटन के दौरान मनी लांड्रिंग को लेकर जुटाये गये सबूतों के आधार पर की जा रही है। छापेमारी के वक्त सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्र उत्तराखंड में थे। ईडी की एक टीम ने उन्हें वहीं पकड़ा और अपने साथ लेकर दिल्ली पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई से सीएम हेमंत सोरेन के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि खनन लीज आवंटन में गड़बड़ी और मनीलांड्रिंग की शिकायतों को लेकर दायर एक पीआईएल पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई की प्रकिया चल रही है। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से खनन मामलों और मनीलांड्रिंग को लेकर एक रिपोर्ट पूर्व में ही सीलबंद लिफाफे में अदालत को सौंपी गयी है।

सीएम हेमंत सोरेन विधानसभा में साहिबगंज जिले के बरहेट विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और इस क्षेत्र के लिए उन्होंने पंकज मिश्र को अपना प्रतिनिधि बना रखा है। पंकज मिश्र के नाम पर भी पत्थर खदान का लीज आवंटित किया गया है। साहिबगंज जिले के बड़हरवा में एक टेंडर को लेकर विवाद में पुलिस थाने में पंकज मिश्र के एक एफआईआर दर्ज हुई थी। इस टेंडर विवाद में मनी लॉन्ड्रिंग का एंगल आने के बाद पिछले ही महीने इस केस को ईडी ने टेकओवर कर लिया है। ईडी ने इसी मामले में हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में शामिल आलमगीर आलम के खिलाफ भी जांच शुरू की है। माना जा रहा है कि इन सभी मामलों में ईडी पंकज मिश्र से पूछताछ करेगी और इसकी आंच सत्ता प्रतिष्ठान तक भी पहुंच सकती हैं।

बता दें कि शुक्रवार को ईडी पंकज मिश्रा के रांची और साहिबगंज स्थित ठिकानों के साथ-साथ जिन कारोबारियों के यहां छापामारी कर रही है, उनमें साहिबगंज बंदरगाह पर जहाज सेवा का संचालन करने वाले दाहू यादव, छोटू यादव, बेदू खुडानिया, संजय दीवान, टिंकल भगत, पतरू सिंह, राजीव कुमार, निमाय सील, भगवान भगत, भावेश भगत, कृष्णा साह, सुब्रतो पाल, सोनू सिंह और कन्हैया खुडानिया शामिल हैं।

मनीलांड्रिंग मामले में ईडी ने मई में राज्य की खनन एवं उद्योग सचिव आईएएस पूजा सिंघल और उनके करीबियों के 20 ठिकानों पर एक साथ छापामारी की थी। ईडी ने उनके सीए रहे सुमन कुमार सिंह के आवास से लगभग 19 करोड़ रुपये नगद बरामद किये थे। सिंघल को मनीलांड्रिंग के आरोपों में गिरफ्तार भी कर लिया गया था। वह अब भी जेल में ही हैं।

## अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से कई वाहन मिट्टी में धंसे- अमरनाथ से 15,000 लोगों को सुरक्षित निकाला



**जम्मू (आरएनएस)।** अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने के बाद आज सुबह जम्मू संभाग के डोडा जिले में बादलों ने भारी नुकसान पहुंचाया है। सुबह करीब चार बजे डोडा गुंटी वन क्षेत्र में बादल फटने से ठठरी के ठठरी कस्बे में बाढ़ आई। जनहानि की अभी तक कोई सूचना नहीं है। बादल फटने से कई वाहन मिट्टी में धंस गए हैं। साथ ही हाईवे पर यातायात भी बाधित हो गया है, जिसको खोलने का कार्य किया जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ अमरनाथ पवित्र गुफा क्षेत्र के पास फंसे अधिकांश तीर्थयात्रियों को पंजतरणी में स्थानांतरित किया गया है। करीब 15,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र में भारतीय सेना का बचाव अभियान जारी है। लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ ही सेना के जवान तीर्थयात्रियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था में भी जुटे हैं।

मलबे में दबने से अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 यात्री लापता हैं। इस हादसे में 65 लोग घायल हुए हैं। वहीं प्रशासन की तरफ से हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं जो इस प्रकार हैं:-

एनडीआरएफ: 011-23438252 011-23438253 कश्मीर संभागीय हेल्पलाइन: 0194-2496240 श्राइन बोर्ड हेल्पलाइन: 0194-2313149

**अमरनाथ गुफा के पास से घायल यात्री इलाज के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर से लाए जा रहे-** जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ गुफा के पास शुक्रवार शाम बादल फटने से बड़ा हादसा हो गया। बचाव अभियान जारी है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने बताया कि अमरनाथ गुफा स्थल से घायल श्रद्धालुओं को भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर में आगे के इलाज के लिए नीलगढ़ बालटाल से श्रीनगर के बीएसएफ शिविर में ले जाया जा रहा है।

बादल फटने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। यात्रा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

बीएसएफ ने कहा कि निचली पवित्र गुफा में तैनात बटालियन के जवान यात्रियों को बचाने में जुटे हुए हैं।

बीएसएफ के डॉक्टर और उनकी टीम घायलों का इलाज कर रही है।

बीएसएफ ने बताया कि मरीजों की सहायता के लिए नीलग्रथ हेली साइट पर एक सेक्शन तैनात किया गया है।

शुक्रवार को रात्रि प्रवास के लिए बीएसएफ पंजतरणी शिविरों द्वारा लगभग 150 यात्रियों को ठहराया गया था।

## स्कूल से लौट रही 12 वर्षीय छात्रा से हैवानियत, चलती वैन में किया गैंगरेप, फिर पीड़िता को जंगल में छोड़कर फरार

**दुमका (आरएनएस)।** झारखंड के दुमका से शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है, दुमका के गोपीकांदर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना हुई है, 12 वर्षीय कक्षा सात की छात्रा अपने घर से स्कूल गयी थी, जिसके बाद घर पर ही एक नोटबुक भूल जाने के कारण छात्रा वापस घर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक वैन में सवार दो लोगों ने उस छात्रा से नदी (जोरिया) जाने का रास्ता पूछा था।

मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग छात्रा वैन में सवार लोगों लोगों को रास्ता बता ही रही थी कि उसे तेज सिर दर्द के साथ चक्कर आने लगा और कुछ ही देर में वह बेहोश हो गई, होश आने के बाद पता चला कि वह एक वैन में है और उसे गुप्तांग में तेज दर्द हो रहा है, वाहन में मौजूद 2 लोगों में से एक गायब था और दूसरा वाहन चला रहा था।

कुछ ही दूर पर जाकर वैन चालक ने छात्रा को वैन से उतारकर ऑटो में सवार किया और गोड्डा के जंगल ले गया जहां उसके साथ वैन चालक ने भी दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को भी इस विषय में बताने को लेकर धमकी भी दी गई, दुष्कर्म के बाद वैन चालक नाबालिग छात्रा को वहां छोडक़र फरार हो गया, किसी तरह छात्रा वहां से निकल रास्ते पर आई, जहां उसे उसके गांव के परिचित लोगों ने देखा।

## वडोदरा रेलवे स्टेशन फिर बना गुजरात का पहला ईट राइट स्टेशन

### 0 एफएसएसएआई ने किया प्रमाणित



**वडोदरा (आरएनएस)।** केन्द्र सरकार के फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) द्वारा प्रमाणित पश्चिम रेलवे का वडोदरा रेलवे स्टेशन एक बार फिर से गुजरात का पहला ईट राइट स्टेशन बन गया है। पूरे भारत में अभी तक कुल 07 स्टेशन ईट राइट स्टेशन हैं। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि एफएसएसएआई द्वारा प्रमाणित ईट राइट स्टेशन वडोदरा गुजरात का पहला स्टेशन है तथा पश्चिम रेलवे का दूसरा एवं फाइव स्टार रेटिंग में पहला ईट राइट स्टेशन है। जो लगातार दो वर्ष पूर्व 2020 से था। अब 2022 में फिर से नवीनीकरण के बाद 08 जुलाई 2024 तक के लिए फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त करने में कामयाब रहा है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के. कृष्ण कुमार ने बताया कि ईट राइट स्टेशन वडोदरा को प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए एफएसएसएआई द्वारा प्रमाणित ऑडिट पार्टनर कंपनी के द्वारा फूड सेफ्टी एवं स्टेशन स्वच्छता का ऑडिट करवाया जाता है, जिसमें खाद्य सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करवाया जाता है।

खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी एवं एफओएससीओएस (एफएसएसएआई) द्वारा प्रमाणित ट्रेनिंग पार्टनर कंपनी से ट्रेनिंग दिलवाकर एफओएससीओएस से खाद्य सुरक्षा सुपरवाईजर का प्रमाण पत्र जारी करवाया जाता है।

इसके साथ ही लगातार खाद्य नमूनों की जांच तथा पानी की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु सभी मानक पूरे किए जाते हैं। ओवर ऑल स्टेशन की स्वच्छता उच्च कोटि की रखी जाती है, जिससे यात्रियों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद वातावरण मिलें एवं शुद्ध पीने का पानी एवं शुद्ध भोजन प्राप्त हों।

उपरोक्त कार्य में डॉ. अमिताभ सरकार, एडिशनल चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, सत्य देव मीणा, स्टेशन डायरेक्टर एवं आर.सी. कुटार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चिकित्सा विभाग एवं अन्य डिपार्टमेंट इंजीनियरिंग, कामर्शियल, आईआरसीटीसी, ईएनएचएम (ओवरऑल स्वच्छता) की भागीदारी भी सराहनीय रही है। इसके साथ-साथ सभी विभागों ने मिलकर टीम के साथ कार्य को अंजाम दिया, जिससे फाइव स्टार रेटिंग के साथ वडोदरा स्टेशन को ईट राइट स्टेशन का दर्जा प्राप्त करने में सफलता मिली। इस कार्य के लिए इंप्लिमेंटेशन पार्टनर मैसर्स जगदीश फूड जोन वडोदरा ने उपरोक्त कार्य के लिए फंड स्पॉन्सर किया था, जिनका योगदान मील का पत्थर साबित हुआ।